# राष्ट्रीय सेवा योजना


सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर– 272202 उ0प्र0 (भारत)
Website :www.suksn.edu.in, Email Id: nsssuk2018@gmail.com


पत्रांकः 717 /रा0से0यो0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक 24/ 07 /2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी,
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

विषय– राष्ट्रीय सेवा योजना की मासिक आख्या एवं व्यय विवरण प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सभी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की मासिक आख्या एवं व्यय विवरण शासन को प्रत्येक माह प्रेषित की जा रही है।

तद्क्रम में आप सभी से अनुरोध है कि यदि किसी महाविद्यालय के सम्बन्धित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कोई कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाता है तो उक्त कार्यक्रम का विस्तृत विवरण, प्रतिभागी स्वयंसेवकों की संख्या, सम्बन्धित Geotag फोटोग्राफ बैनर सहित एवं कार्यक्रम के सापेक्ष व्यय विवरण की छायाप्रति अनिवार्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय के ई–मेल nsssuk2018@suksn.edu.in प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उक्त विवरण विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय के ई–मेल nsssuk2018@suksn.edu.in पर प्राप्त न हाने की स्थिति में सम्बन्धित इकाई के कार्यक्रम की आख्या एवं व्यय विवरण शासन को प्रेषित नही किया जा सकेगा, और यह मान लिया जायेगा कि उक्त माह में सम्बन्धित इकाई द्वारा कोई भी कार्यक्रम सम्पन्न नही कराया गया है। जिसका समस्त उत्तरदायित्व उक्त महाविद्यालय के सम्बन्धित इकाई के कार्यक्रम अधिकारी की होगी।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कार्यक्रम समन्यवक